# केंद्रीय विद्यालय ज्योतिपुरम

हिंदी (आधार) कोड सं. **302**

कक्षा- **11**वीं **भारांक- 80** **निर्धारित समय- 03 घंटे**

सत्रांत **प्रतिदर्श प्रश्न पत्र**

## सामान्य निर्देश

- प्रश्न-पत्र तीन खण्डों – खंड क**,** ख**,** और ग में होगा **|**
- खंड-क में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे जाएँगे**|** सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे **|**
- खंड- ख में अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक से प्रश्न पूछे जाएँगे **|** प्रश्नों में आतंरिक विकल्प दिए जाएँगे **|**
- खंड- ग में आरोह-**1** एवं वितान-**1** पाठ्यपुस्तकों से प्रश्न पूछे जाएँगे **|** प्रश्नों में आतंरिक विकल्प दिए जाएँगे **|**

| | खंड-क (अपठित बोध) | **18** अंक |
|---|---|---|
| 1 | 01 अपठित गद्यांश (250 शब्दों का) पर आधारित प्रश्न ( बहुविकल्पीय प्रश्न 1 अंक X 3 प्रश्न, अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न 1 अंक X 1 प्रश्न, लघूत्तरात्मक प्रश्न 2 अंक X 3 प्रश्न<br>निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (10)<br>लोकतंत्र के तीनो पायों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का अपना-अपना महत्त्व है, किंतु जब प्रथम दो अपने मार्ग या उद्देश्य के प्रति शिथिल होती है या संविधान के दिशा-निर्देशों की अवहेलना होती है, तो न्यायपालिका का विशेष महत्त्व हो जाता है। न्यायपालिका ही है, जो हमें आईना दिखाती है, कितु आईना तभी उपयोगी होता है जब उसमें दिखाई देने वाले चेहरे की विद्रूपता को सुधारने का प्रयास हो। सर्वोच्च न्यायालय के अनेक जनहितकारी निर्णयों को कुछ लोगो ने न्यायपालिका की अतिसक्रियता माना, पर जनता को लगा कि न्यायालय सही है। राजनीतिक चश्मे से देखने पर भ्रम की स्थिति हो सकती है।<br>प्रश्न यह है कि जब संविधान की सत्ता सर्वोपरि है, तो उसके अनुपालन में शिथिलता क्यों होती है? राजनीतिक दलगत स्वार्थ या निजी हित आड़े आ जाता है और यही भ्रष्टाचार को जन्म देता है। हम कसमें खाते हैं और जनकल्याण की ओर कदम उठाते हैं, आत्मकल्याण के ऐसे तत्त्वो से देश को, समाज को सदा खतरा रहेगा। अतः जब कभी कोई न्यायालय ऐसे फैसले देता है, जो समाज कल्याण के हों और राजनीतिक ठेकेदारों को उनकी औकात बताते हों, तो जनता को उसमें आशा की किरण दिखाई देती है। अन्यथा तो वह अंधकार मे जीने को विवश है ही।<br>(i) न्यायपालिका का विशेष महत्व कब हो जाता है? (1)<br>क) जब विधायिका और कार्यपालिका अपने मार्ग से भटक जाती है<br>ख) जब न्यायपालिका निष्क्रिय हो जाती है<br>ग) जब संविधान बदल जाता है<br>घ) जब जनता के पास न्याय नहीं होता | 10 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) सर्वोच्च न्यायालय के जनहितकारी निर्णयों को किसने न्यायपालिका की अतिसक्रियता माना? (1)<br>क) जनता ने<br>ख) न्यायपालिका ने<br>ग) कुछ लोगों ने<br>घ) विधायिका ने<br>(iii) भ्रष्टाचार को जन्म देने वाला मुख्य कारण क्या है? (1)<br>क) न्यायपालिका की निष्क्रियता<br>ख) संविधान का अनुपालन<br>ग) राजनीतिक दलगत स्वार्थ या निजी हित<br>घ) न्यायपालिका की अतिसक्रियता(iv) सर्वोच्च न्यायालय के जनहितकारी निर्णयों को जनता ने कैसे माना? (1)<br>(v) जब संविधान की सत्ता सर्वोपरि है, तो उसके अनुपालन में शिथिलता क्यों होती है? (2)<br>(vi) न्यायालय के ऐसे फैसलों का महत्व क्या है जो समाज कल्याण के हों? (2)<br>(vii) न्यायपालिका का आईना दिखाने का क्या महत्व है? (2) | |
| 2 | 01 अपठित पद्यांश (100 शब्दों का) पर आधारित प्रश्न ( बहुविकल्पीय प्रश्न 1 अंक X 3 प्रश्न, अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न 1 अंक X 1 प्रश्न, लघूत्तरात्मक प्रश्न 2 अंक X 2 प्रश्न<br>निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (8)<br>जाग रहे हम वीर जवान,<br>जियो, जियो ऐ हिंदुस्तान।<br>हम प्रभात की नई किरण हैं, हम दिन के आलोक नवल,<br>हम नवीन भारत के सैनिक, धीर, वीर, गंभीर, अचल।<br>हम प्रहरी ऊँचे हिमाद्रि के, सुरभि स्वर्ग की लेते हैं,<br>हम हैं शांति-दूत धरणी के, छाँह सभी को देते हैं।<br>वीरप्रसू माँ की आँखों के, हम नवीन उजियाले हैं,<br>गंगा, यमुना, हिंद महासागर के हम ही रखवाले हैं।<br>तन, मन, धन, तुम पर कुरबान<br>जियो, जियो ऐ हिंदुस्तान।<br>हम सपूत उनके, जो नर थे, अनल और मधु के मिश्रण,<br>जिनमें नर का तेज प्रखर था, भीतर था नारी का मन।<br>एक नयन संजीवन जिनका, एक नयन था हलाहल<br>जितना कठिन खड्ग था कर में उतना ही अंतर कोमल।<br>थर-थर तीनों लोक काँपते थे जिनकी ललकारों पर,<br>स्वर्ग नाचता था रण में जिनकी पवित्र तलवारों पर। | 8 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| | हम उन वीरों की संतान, जियो, जियो ऐ हिंदुस्तान।<br>(i) 'हम नवीन भारत के सैनिक' पंक्ति में कवि ने किस प्रकार के सैनिकों का वर्णन किया है? (1)<br>क) केवल युद्ध करने वाले<br>ख) नए और आधुनिक विचारों वाले<br>ग) पुराने समय के सैनिक<br>घ) विदेशी सैनिक<br>(ii) 'हम प्रहरी ऊँचे हिमाद्रि के' पंक्ति में 'हिमाद्रि' का क्या तात्पर्य है? (1)<br>क) पर्वतों की रक्षा करने वाले<br>ख) समुद्र के रक्षक<br>ग) नदी के रक्षक<br>घ) मैदानों के रक्षक<br>(iii) 'जिनमें नर का तेज प्रखर था, भीतर था नारी का मन' का क्या अर्थ है? (1)<br>क) व्यक्ति के भीतर साहस और कोमलता दोनों का होना<br>ख) केवल महिलाओं की कोमलता का वर्णन<br>ग) केवल पुरुषों की शक्ति का वर्णन<br>घ) व्यक्ति की मूर्खता का वर्णन<br>(iv) 'थर-थर तीनों लोक काँपते थे जिनकी ललकारों पर' का क्या अर्थ है? (1)<br>(v) कविता में 'हम नवीन उजियाले हैं' पंक्ति से कवि का क्या तात्पर्य है? (2)<br>(vi) 'हम उन वीरों की संतान' पंक्ति में कवि किस पर गर्व कर रहे हैं? (2) | |
| | खंड-ख (अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक)<br>पाठ सं. **1, 2, 9, 10, 14, 15** तथा **16** पर आधारित | **22** अंक |
| 3 | दिए गए 03 अप्रत्याशित विषयों में से किसी 01 विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेखन (06 अंक X 01 प्रश्न)<br>दिए गए तीन विषयों में से किसी एक विषय पर आधारित लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेखन लिखिए।<br>प्राकृतिक सुंदरता का वातावरण विषय पर रचनात्मक लेख लिखिए।<br>अपना अनुशासन स्वयं विषय पर रचनात्मक लेख लिखिए।<br>कामकाजी महिला और परिवार विषय पर रचनात्मक लेख लिखिए। | 6 अंक |
| 4 | औपचारिक पत्र लेखन (विकल्प सहित) (05 अंक X 01 प्रश्न)<br>सड़क पर अत्यधिक वाहनों के कारण जाम लग जाता है, जिससे आप समय पर विद्यालय नहीं पहुँच पाते हैं। सड़क जाम की स्थिति का वर्णन करते हुए अपने शहर के प्रमुख यातायात अधिकारी के नाम लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।<br>**अथवा** | 5 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| | आपका नाम देव/देविका है। आपके शहर में चोरी और झपटमारी की घटनाएँ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। बढ़ते हुए अपराधों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए किसी हिंदी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। | |
| 5 | पाठ सं. **1, 2, 9, 10, 14, 15** तथा **16** पर आधारित 04 प्रश्न विकल्प सहित (02 अंक X 04 प्रश्न ) (लगभग 40 शब्दों में), (03 अंक X 01 प्रश्न)(लगभग 60 शब्दों में)<br>अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:<br>(I)निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिये: (2 X 4 = 8)<br>1.पेज थ्री पत्रकारिता क्या है?<br>2.आवेदन पत्र के साथ **स्ववृत्त** संलग्न करना क्यों आवश्यक है?<br>3.कोष कितने प्रकार के होते हैं? चरित्र कोष को स्पष्ट कीजिए।<br>4.फ़्लैश फॉरवर्ड किसे कहते हैं?<br>5.आप डीएवी विद्यालय में पढ़ते हैं। विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव होने जा रहा है उसकी पाँचवी बैठक के लिए एक कार्यसूची तैयार कीजिए।<br>(II) पटकथा के लिए सर्वप्रथम आवश्यक तत्त्व क्या होता है?<br>अथवा<br>डायरी-लेखन क्या है? कुछ प्रसिद्ध डायरियों और डायरी लेखकों के नाम भी बताइए। | 11 अंक |
| | खंड- ग **(** आरोह-**1** एवं वितान-**1** पाठ्यपुस्तक**)** | **40** अंक |
| 6 | पठित काव्यांश पर आधारित 05 बहुविकल्पीय प्रश्न (01 अंक X 05 प्रश्न)<br>अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:<br>और माँ बिन-पढ़ी मेरी,<br>दु:ख में वह गढ़ी मेरी<br>माँ कि जिसकी गोद में सिर,<br>रख लिया तो दुख नहीं फिर,<br>माँ कि जिसकी स्नेह-धारा,<br>का यहाँ तक भी पसारा,<br>उसे लिखना नहीं आता,<br>जो कि उसका पत्र पाता।<br>पिता जी जिनको बुढ़ापा,<br>एक क्षण भी नहीं व्यापा,<br>जो अभी भी दौड़ जाएँ<br>जो अभी भी खिलखिलाएँ,<br>मौत के आगे न हिचकें, | 5 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| | शर के आगे न बिचकें,<br>बोल में बादल गरजता,<br>काम में झझ लरजता,<br>1.काव्यांश में अपने बच्चों के प्रति माँ की कौनसी स्वभावगत विशेषता प्रकट हुई है?<br>क) बच्चों से बहुत स्नेह करना<br>ख) निरक्षर होना<br>ग) दुखों से रचना<br>घ) बुढ़ापा आना<br>2.उपरोक्त काव्यांश कवि ने कब लिखा?<br>क) अपने शहर प्रवास के दौरान<br>ख) अपने छात्रावास प्रवास के दौरान<br>ग) अपने परदेश प्रवास के दौरान<br>घ) अपने जेल प्रवास के दौरान<br>3.कवि के पिता पर बुढ़ापे का कोई प्रभाव नहीं है- आशय स्पष्ट करने वाली पंक्ति है-<br>क) जो अभी भी खिलखिलाए<br>ख) जो अभी भी दौड़ जाए<br>ग) पिताजी जिनको बुढ़ापा एक क्षण भी नहीं व्यापा<br>घ) शेर के आगे न बिचके<br>4.कवि की माँ अपने बेटे को पत्र क्यों नहीं लिख पाती?<br>क) क्योंकि वह पत्र लिखना नहीं चाहती<br>ख) क्योंकि वह निरक्षर है<br>ग) क्योंकि कवि पत्र पढ़ना नहीं चाहता<br>घ) क्योंकि उसे जेल का पता नहीं पता<br>5.जेल में बंद कवि को घर की याद कब आती है?<br>क) सावन की बरसात में<br>ख) दुखी होने पर<br>ग) कविता लिखने पर<br>घ) काम करने पर | |
| 7 | काव्य खंड पर आधारित 03 में से 02 प्रश्न (लगभग 60 शब्दों में) (3अंक X 2प्रश्न)<br>.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिये: (3 X 2 = 6 अंक)<br>1.ईश्वर के स्वरूप के विषय में कबीर क्या कहते हैं? | 6 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| | 2.चंपा काले-काले अच्छर नहीं चीन्हती कविता में गाँधी जी का प्रसंग किस संदर्भ में आया तथा क्यों?<br>3.आओ, मिलकर बचाएँ कविता में दिल के भोलेपन के साथ-साथ अक्खड़पन और जुझारूपन को भी बचाने की आवश्यकता पर क्यों बल दिया गया है? | |
| 8 | काव्य खंड पर आधारित 03 में से 02 प्रश्न (लगभग 40 शब्दों में) (2अंक X 2प्रश्न)<br>निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिये: (2 X 2 = 4 अंक)<br>1.सबसे खतरनाक कविता का प्रतिपाद्य बताइए।<br>2.भाव व शिल्प सौंदर्य स्पष्ट कीजिए-<br>अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेलि बोयी<br>अब त बेलि फैलि गई, आणंद-फल होयी<br>3.अक्क महादेवी के अनुसार सभी विकारों की शांति क्यों आवश्यक है? | 4 अंक |
| 9 | पठित गद्यांश पर आधारित 05 बहुविकल्पीय प्रश्न (01 अंक X 05 प्रश्न)<br>अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:<br>पंडित अलोपीदीन स्तंभित हो गए। गाड़ीवानों में हलचल मच गयी। पंडितजी के जीवन में कदाचित यह पहला ही अवसर था कि पंडित जी को ऐसी कठोर बातें सुननी पड़ी। बदलू सिंह आगे बढ़ा किन्तु रोब के मारे साहस न हुआ कि उनका हाथ पकड़ सके। पंडितजी ने धर्म को धन का ऐसा निरादर करते कभी न देखा था। विचार किया यह अभी उद्दंड लड़का है। माया-मोह के जाल में अभी नहीं पड़ा।<br>1.पंडित अलोपीदीन क्यों स्तंभित हो गए थे?<br>क) रिश्वत की बात सुन कर<br>ख) अचानक बुलाये जाने पर<br>ग) अपनी हिरासत की बात सुन कर<br>घ) दारोगा जी को देख कर<br>2.पंडितजी के जीवन में कौन-सी परिस्थिति पहली बार उत्पन्न हुई थी?<br>क) उनका निरादर होना<br>ख) रिश्वत देना<br>ग) उनकी बात न मानना<br>घ) किसी की कठोर बातें सुनना<br>3.बदलू सिंह कौन था?<br>क) सैनिक<br>ख) गाड़ीवाला<br>ग) नौकर<br>घ) जमादार | 5 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| | 4 यह अभी उद्दंड लड़का है यह कथन किसके विषय में है?<br>क) वंशीधर के बारे में<br>ख) पुलिसवाले के बारे में<br>ग) बदलू सिंह के बारे में<br>घ) गाड़ीवाले के बारे में<br>5. निरादर का विलोम होगा-<br>क) प्रशंसा<br>ख) सम्मान<br>ग) आदर<br>घ) बड़ाई | |
| 10 | गद्य खंड पर आधारित 03 में से 02 प्रश्न (लगभग 60 शब्दों में) (3अंक X 2प्रश्न)<br>निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिये: (3 X 2 = 6 अंक)<br>1. अपू के साथ ढाई साल पाठ में भूलो की जगह दूसरा कुत्ता क्यों लाया गया? उसने फिल्म के किस दृश्य को पूरा किया?<br>2. लोगों की आँखों में कब चमक आ जाती थी? भारत माता पाठ के आधार पर बताइए।<br>3.रजनी संपादक से क्या सहायता माँगती है? | 6 अंक |
| 11 | गद्य खंड पर आधारित 03 में से 02 प्रश्न (लगभग 40 शब्दों में) (2अंक X 2प्रश्न)<br>निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिये: (2 X 2 = 4 अंक)<br>1.मियाँ नसीरुद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है?<br>2.विदाई-संभाषण पाठ में आपके और यहाँ के निवासियों के बीच में कोई तीसरी<br>3.शक्ति और भी है- यहाँ तीसरी शक्ति किसे कहा गया है?<br>4.गलता लोहा शीर्षक की सार्थकता पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। | 4 अंक |
| 12 | वितान के पाठों पर आधारित 03 में से 02 प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में) (05अंक X 02प्रश्न)<br>निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिये: (5 X 2 = 10 अंक)<br>1.लता मंगेशकर को बेजोड़ गायिका क्यों माना गया है?<br>2.राजस्थान में कुंई केवल जल आपूर्ति ही नहीं करतीं, सामाजिक संबंध भी बनाती हैं, कैसे?<br>3.आलो-आँधारि पाठ में बेबी की जिंदगी में तातुश का परिवार न आया होता तो उसका जीवन कैसा होता? कल्पना करें और लिखें | 10 अंक |
| | | |
| | | |